>

Title: Need to declare Jalore-Sirohi district of Rajasthan as drought affected district and to provide a special package for the same.

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर):** सभापति महोदय, आज मेरे साथियों ने भी सूखे और बाढ़ पर चिंता जताई, मैं भी उसी विषय पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। पूरे भारत में यह समस्या है और राजस्थान में सबसे भारी समस्या सूखे की है। मेरे दोनो जिले - जालौर और सिरोही, जिनको मैंने पिछली बार भी बताया था कि डार्क जोन घोषित कर दिया है। आज हम सूखे की ऐसी मार झेल रहे हैं कि वहां बारिश नहीं हुई है। पिछली बार जब रबी की फसल हुई थी, हमें अधिकारियों ने धोखा दिया था, हमें राज्य सरकार की तरफ से भी धोखा मिला था क्योंकि रबी की फसल के समय ओलावृष्टि से लगभग 80 से 90 प्रतिशत खराबी हुई थी।

तब अधिकारियों ने हमें आश्वस्त किया था कि आपके किसानों को लाभ देंगे, मुआवजा देंगे, लेकिन बाद में अधिकारियों द्वारा 35 से 40 प्रतिशत करने के कारण हमारे किसानों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया। इस बार भी हम सूखे की मार झेल रहे हैं। राज्य सरकार ने पांच जिले सूखाग्रस्त घोषित किए हैं, लेकिन हमारे जिले को उनमें शामिल नहीं किया है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र के किसानों को अब की बार जो उन्होंने फसल की बुवाई की है, जो उस पर खर्चा हुआ है और अकाल के कारण जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई के लिए राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। इसके साथ ही केन्द्र भी इंटरफियर करके किसानों को मुआवजा दे, ताकि वहां के किसान अपना जीवन बच सके। हमारे यहां पानी की समस्या काफी है और आहोर, जालौर तो ऐसे गांव हैं, जहां पानी की एक बूंद तक नहीं है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि वह इस समस्या को निपटाने के लिए तुंत कदम उठाए और उस एरिया के लिए विशेष पैकेज दे।

MR. CHAIRMAN: Shri R.K. Singh Patel. This subject is a State subject. If you want the establishment of any Central University, it is all right. But you are asking for the State Universities. How will it be taken up here? Only the State Assembly has to discuss it, not here.

**श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा):** मैं संक्षेप में अपनी बात रखूंगा।

MR. CHAIRMAN: This subject is not related to the Centre. Why are you raising this subject here? Please listen to me. The subject is about the establishment of State Universities in Uttar Pradesh. If it is the establishment of State Universities, it is the subject of the State and not that of Parliament. If it is the establishment of a Central University, it is all right. You can tell about it.